हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्र ने सूरजमुखी, सोयाबीन और ताड़ के तेल सहित कच्चे खाद्य तेल पर सीमा शुल्क को 20 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। अब कच्चे और रिफाइंड खाद्य तेलों के बीच आयात शुल्क अंतर 8 दशमलव सात-पांच प्रतिशत से 19 दशमलव दो-पांच प्रतिशत हो गया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि इसका उद्देश्य खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों को कम करना, उपभोक्ताओं को राहत देना और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना है।

*********

भारतीय रेल ने तत्काल टिकट के लिए नए नियमों की घोषणा की है। पहली जुलाई से केवल वे लोग ही भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम - आईआरसीटीसी की वेबसाइट और ऐप पर ऑनलाइन तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के साथ अपना खाता प्रमाणित किया है। 15 जुलाई से यह नियम आरक्षण काउंटर से तत्काल टिकट बुक कराने पर भी लागू होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि तत्काल टिकट निष्पक्ष और पारदर्शी □ंग से बुक कराने और यात्रियों के हित को सुरक्षित रखने के लिए यह फैसला किया गया है।

***********

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की भावना से अनुप्राणित भारत में पिछले एक दशक में बड़े बदलाव हुए हैं। पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर आकाशवाणी से विशेष फीचर का प्रसारण किया जा रहा है। आज इस कड़ी में चर्चा, आर्थिक परिवर्तन की संवाहक नारी शक्ति पर।

*पिछले दशक में भारत में एक मौन आर्थिक क्रांति घटित हुई है। इनमें से एक का नेतृत्व महिलाओं ने किया है। गांवों में स्व-सहायता समूहों से लेकर शहरों में उद्यमियों तक महिलाएं अब अर्थव्यवस्था में सिर्फ भागीदार नहीं हैं, बल्कि परिवर्तन की शक्तिशाली वाहक भी हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत वितरित साढे 52 करोड़ ऋणों में से लगभग 68 प्रतिशत ऋण महिलाओं को दिए गए हैं, जिससे उन्हें छोटे व्यवसाय शुरू करने, उद्यमों का विस्तार करने और आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में मदद मिली है। स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत, उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए दो लाख सत्तर हजार से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं इनमें से लगभग 83 प्रतिशत ऋण महिलाओं को दिए गए हैं। दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10 करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को लगभग 91 लाख स्व-सहायता समूहों में संगठित किया गया है। लखपति दीदी पहल से एक करोड़ 48 लाख से अधिक महिलाएं प्रतिवर्ष न्यूनतम एक लाख रुपये या उससे अधिक कमा रही हैं। सरकार ने मिशन शक्ति के माध्यम से संस्थागत सहायता भी दी है, जो सुरक्षा को सशक्तीकरण से जोड़ती है। अंतरिक्ष मिशन से लेकर जमीनी स्तर के शासन तक, रसोई से लेकर बोर्डरूम तक, नारी शक्ति आगे बढ़ रही है। पहले से कहीं अधिक मजबूत, स्वतंत्र और दृढ बनकर। आकाशवाणी समाचार के लिए विष्णु पीएस की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से दुर्गा प्रसाद।*

******

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में , आज नई दिल्ली में आकाशवाणी के रंग भवनमें "कार्यस्थल पर योग" कार्यशाला का आयोजन किया गया। आकाशवाणी समाचारसे बातचीत में , डॉ. चतुर्वेदी ने योग को एक ऐसा संकल्पबताया जिसका कोई दूसरा विकल्प नहीं है

*योगजो है वो एक संकल्प है और संकल्पका कोई विकल्प नहीं होता। इसलिए ऐसा नहीं कि 21 जूनके दिन ही हम योग अभ्यास करें उसकेबाद न करें। देखिए बुद्धू से बुद्धा बनने काजो एनलाइटमेंट हो रहा है, वो हमारा योग, ध्यानऔर मेडिटेशन के द्वारा हो रहाहै। डाइट, स्लिप और एक्सरसाइज कितनी जरूरीहै। फिलॉसफी ऑफ योगा तो इम्पोर्टेंटहै, वो प्रेक्टिस ऑफ योगा के साथ-साथही उसचीज को लेना चाहिए।*

*********

हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन की वित्तीयआयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने कल आगामी मानसून से पहले राज्य की तैयारियों की समीक्षाबैठक की।सभी उपायुक्तों के साथ हुई इस में डॉ.मिश्रा ने बाढ़ से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाने और रणनीतिक दृष्टिकोण परजोर दिया, और गुणवत्तापूर्ण साइट निरीक्षण, समय पर सभी तैयारी करने का निर्देशदिया।डॉ. मिश्रा ने उपायुक्तों को जमीनी स्तर पर मॉकड्रिल सहित व्यापक आकस्मिक योजना सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंनेअधिकारियों को सभी पंपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और मानव शक्ति का सही इस्तेमाल, बाढ़-ग्रस्त हॉटस्पॉट की पहचान करने औरप्रत्येक महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को नामित करने कानिर्देश दिया। शहरी जलभराव को रोकने पर विशेष ध्यान देने के साथ पंप ऑपरेटरों और सहायक कर्मचारियों की उपस्थिति और तैनाती पर बारीकी से नजर रखने के भी निर्देश दिए गए।

**********